# झारखंड

# सामान्य ज्ञान

PDF

# The Series......

# हिन्दवंशी

## Useful for....

# JPSC & JSSC

# राज्य विशेष

झारखंड

# GK QUIZ SET 1

1. परमवीर चक्र से सम्मानित लांस नायक अलबर्ट एक्का किस युद्ध के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए थे?

a. भारत चीन युद्ध 1962

b. भारत पाकिस्तान युद्ध 1965

c. भारत पाकिस्तान युद्ध 1971

d. भारत पाकिस्तान युद्ध 1999

## भारत पाकिस्तान युद्ध 1971

लांस नायक अलबर्ट एक्का भारत-पाकिस्तान युद्ध 1971 में हिली की लड़ाई में वीरगति को प्राप्त हुए थे।

उन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था।

2. निम्नलिखित में से किस समिति की अनुशंसा के फलस्वरूप केंद्र सरकार के द्वारा दामोदर घाटी निगम अधिनियम (1948) पारित किया गया?

a. के संथानम समिति

b. पी जे नायक समिति

c. डब्ल्यू एल वुर्दुइन समिति

d. एम पी बेजबरुआ समिति

## डब्ल्यू एल वुर्दुइन समिति

दामोदर घाटी में आई 1943 की बाढ़ के कारण मची तबाही के फलस्वरूप भारत सरकार ने संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के टेनिसी घाटी प्राधिकरण के वरिष्ठ अभियंता श्री डब्ल्यू एल वुर्दुइन को घाटी की समेकित विकास हेतु अपनी अनुशंसा प्रस्तुत करने हेतु नियुक्त किया ।

श्री वुर्दुइन ने 1944 में दामोदर घाटी में बाढ़-नियंत्रण, सिंचाई, विद्युत उत्पादन तथा नौचालन हेतु एक बहूद्देशीय विकास योजना के गठन का सुझाव दिया।

डब्ल्यू एल वुर्दुइन समिति की अनुशंसा पर केंद्र सरकार के द्वारा दामोदर घाटी निगम अधिनियम (1948) पारित किया गया।

हिन्दवंशी

3. निम्नलिखित में से कौन सा मिलान सही नहीं है?

a. तुलबुला ग्रेफाइट परियोजना- चतरा

b. सिकनी कोयला परियोजना- लातेहार

c. बेंटी-बगड़ा चूनापत्थर परियोजना- राँची

d. सेमरा-सलातुआ चूनापत्थर परियोजना- पलामू

तुलबुला ग्रेफाइट परियोजना- चतरा

सही मिलान:

तुलबुला ग्रेफाइट परियोजना- पलामू

सिकनी कोयला परियोजना- लातेहार

बेंटी-बगड़ा चूनापत्थर परियोजना- राँची

सेमरा-सलातुआ चूनापत्थर परियोजना- पलामू

4. संथाली भाषा के लिए 'ओल चिकी लिपि' का आविष्कार किस साहित्यकार ने किया था?

a. रघुनाथ मुर्मू

b. लाको बोदरा

c. सुशीला सामद

d. डब्ल्यू जी आर्चर

## रघुनाथ मुर्मू

संथाली समाज के सामाजिक, सांस्कृतिक एकता के प्रतिक रघुनाथ मुरमू संथाली भाषा तथा लिपि के उत्थान के लिए जाने जाते हैं।

पंडित रघुनाथ मुर्मू ने संथाली भाषा के लिए 'ओल चिकी लिपि' का आविष्कार किया।

5. निम्नलिखित में से झारखंड का कौन सा स्थान रेडियो प्रेमी श्रोता विविध भारती के फरमाइशी कार्यक्रमों में सबसे ज्यादा चिट्ठियां लिखने के लिए जाने जाते हैं?

a. देवघर

b. तेनुघाट

c. नेतरहाट

d. झुमरी तलैया

## झुमरी तलैया

झुमरी तलैया के रेडियो प्रेमी श्रोता विविध भारती के फरमाइशी कार्यक्रमों में सबसे ज्यादा चिट्ठियां लिखने के लिए जाने जाते हैं।

6. झारखंड का सबसे ऊँचा जलप्रपात लोध जलप्रपात किस जिले में स्थित है?

a. राँची

b. गढ़वा

c. पाकुड़

d. लातेहार

## लातेहार

झारखंड का सबसे ऊँचा जलप्रपात लोध जलप्रपात झारखण्ड के लातेहार जिले में स्थित है।

बुरहा नदी पर स्थित लोध जलप्रपात 143 मीटर (468 फीट) की ऊँचाई से गिरता है।

7. निम्नलिखित में से किस जनजाति का युवा गृह घूमकूड़ियाँ के नाम से जाना जाता है?

a. मुंडा

b. कोरवा

c. उराँव

d. संथाल

## उराँव

जनजातियों का युवा गृह एक ऐसा सामाजिक संगठन है जो एक प्रकार के प्रशिक्षण केंद्र की तरह काम करता है।

विभिन्न समुदायों में इसे अलग-अलग नामें से पुकारा जाता है|

जनजातियों का युवा गृह उराँव क्षेत्रों में घूमकूड़ियाँ तथा मुंडा-हो जनजाति क्षेत्रों में गीतिओरा के नाम से जाना जाता है।

8. भारतीय प्राकृतिक राल एवं गोंद संस्थान का मुख्यालय कहाँ स्थित है?

a. फुसरो

b. नामकुम

c. रामगढ़

d. आदित्यपुर

## नामकुम

भारतीय प्राकृतिक राल एवं गोंद संस्थान (Indian Institute of Natural Resins and Gums) प्राकृतिक राल व गोंद के प्रसंस्करण, उत्पाद विकास, प्रशिक्षण, सूचना संग्रहण, प्रौद्योगिकी प्रसार सम्बंधी अनुसंधान एवं विकास के लिए राष्ट्रीय स्तर का नोडल संस्थान है।

पूर्व में इसका नाम भारतीय लाख शोध संस्थान था।

भारतीय प्राकृतिक राल एवं गोंद संस्थान नामकुम, राँची में स्थित है।

9. निम्नलिखित में से झारखंड का कौन सा जिला उड़ीसा के साथ सीमा नहीं बनाता है?

a. गुमला

b. सिमडेगा

c. पूर्वी सिंहभूम

d. पश्चिमी सिंहभूम

## गुमला

झारखण्ड के कुल चार जिले सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां तथा पूर्वी सिंहभूम ओड़िसा की सीमा के साथ लगे हैं।

10. दक्षिणी कोयल नदी का उद्गम झारखंड के किस जिले से होता है?

a. राँची

b. गुमला

c. लातेहार

d. सिमडेगा

## राँची

दक्षिणी कोयल नदी का उद्गम राँची जिले के नगड़ी गाँव से हुआ है।

रांची जिले से निकल कर यह लोहरदग्गा तथा गुमला जिले से बहती हुई पश्चिमी सिंहभूम में प्रवेश कर जाती है।

पश्चिमी सिंहभूम के बाद उड़ीसा में गंगापुर के पास यह शंख नदी में मिल जाती है जहाँ इन दोनों नदियों के मिलन से ब्राह्मणी नदी का उद्गम होता है।

11. निम्नलिखित में से किस राजा ने अपनी राजधानी शतरंजी गढ़ से बदल कर हटिया को बनाई?

a. रघुनाथ साह

b. फनिमुकुट राय

c. पाण्डे गणपत राय

d. ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव

## ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव

ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव शतरंजी गढ़ के राजा थे।

इन्होंने अपनी राजधानी शतरंजी गढ़ से बदलकर हटिया को बनाई।

ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव सन् 1857-58 के विद्रोह में झारखण्ड के नेता थे।

12. झारखंड में असुर जनजाति का संकेन्द्रण मुख्य रूप से किन जिलों में है?

a. गोड्डा एवं दुमका

b. गढ़वा एवं पलामू

c. लोहरदगा एवं गुमला

d. पूर्वी सिंहभूम एवं पश्चिमी सिंहभूम

## लोहरदगा एवं गुमला

असुर जनजाति के लोग मुख्यतः लोहरदगा और गुमला के पाट क्षेत्रों में निवास करते हैं।

कृषि उनका आजीविका का मुख्य साधन है।

13. 2011 की जनगणना के अनुसार जनसंख्या की दृष्टि से झारखंड का सबसे बड़ा शहर कौन है?

a. राँची

b. बोकारो

c. धनबाद

d. जमशेदपुर

## जमशेदपुर

जनसंख्या की दृष्टि से झारखंड का जमशेदपुर (1,337,131) सबसे अधिक आबादी वाला शहर है, इसके बाद क्रमशः धनबाद (1,195,298), राँची (1,126,741) तथा बोकारो (563,417) का स्थान आता है।

14. 'एलिस एक्का की कहानियां' पुस्तक की संपादक कौन हैं?

a. वंदना टेटे

b. लाको बोदरा

c. प्यारा केरकेट्टा

d. हृदय नारायण मंडल

## वंदना टेटे

'एलिस एक्का की कहानियां' संकलन में एलिस की कुल छह कहानियां तथा खलील जिब्रान की पांच अनुवादित कहानियां शामिल हैं।

ये छह कहानियाँ 'वनकन्या', 'दुर्गी के बच्चे और एल्मा की कल्पनाएं', 'सलगी, जुगनी और अंबा गाछ', 'कोयल की लाड़ली सुमरी', 'पंद्रह अगस्त, बिलचो और रामू' और 'धरती लहलहाएगी, झालो नाचेगी गाएगी' हैं।

'एलिस एक्का की कहानियां' पुस्तक की संपादक वंदना टेटे हैं।

हिन्दवंशी

15. झारखंड की पूर्णिमा महतो के बारे में निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है?

a. उन्होंने 1998 के राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता था।

b. वह 2008 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में भारतीय राष्ट्रीय टीम के लिए कोच चुनी गईं थीं।

c. उन्हें 2018 में भारत के राष्ट्रपति के द्वारा तीरंदाजी कोच के लिए द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

d. वह झारखंड की पहली महिला हैं जिन्हें प्रतिष्ठित द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

उन्हें 2018 में भारत के राष्ट्रपति के द्वारा तीरंदाजी कोच के लिए द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

सही व्याख्या:

पूर्णिमा महतो ने 1998 के राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता था।

वह 2008 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में भारतीय राष्ट्रीय टीम के लिए कोच चुनी गईं थीं।

उन्हें 2013 में भारत के राष्ट्रपति के द्वारा तीरंदाजी कोच के लिए द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

पूर्णिमा महतो झारखंड की पहली महिला हैं जिन्हें प्रतिष्ठित द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

16. निम्नलिखित में से किस जनजाति में गर्भवती स्त्रियों के द्वारा सूर्य ग्रहण या चन्द्र ग्रहण देखना निषेध है?

a. चेरो

b. असुर

c. कोरवा

d. बिरहोर

## कोरवा

कोरवा समुदाय के लोग मुख्य रूप से पलामू जिले में पाए जाते हैं।

अधिकांशत: कोरवा हिन्दू धर्म को मानने वाले हैं।

कोरबा समाज में गर्भवती स्त्रियों के द्वारा सूर्य ग्रहण या चन्द्र ग्रहण देखना निषेध है क्योंकि उनकी मान्यता है कि ग्रहण के दौरान सूर्य या चंद्रमा को देखने से अपंग बच्चे पैदा होते हैं।

17. जशपूरिया, असममिया तथा एकहरिया किस नृत्य के प्रकार हैं?

a. छऊ नृत्य

b. पाइका नृत्य

c. डमकच नृत्य

d. सोहराय नृत्य

## डमकच नृत्य

डमकच नृत्य विवाह-शादी तय हो जाने के बाद वर-कन्या के घर -आंगन में रात्रि में होता है।

मूलत: यह स्त्री प्रधान नृत्य गीत हैं परंतु पुरुष भी इसमें सम्मिलत हो जाते हैं।

अलग अलग समय और अवसर के अनुसार डमकच के कई भेद जैसे जशपूरिया, असममिया, एकहरिया, दोहरी आदि होते हैं।

18. झारखंड में अब तक कुल कितने बार राष्ट्रपति शासन लगाया गया है?

a. 1 बार

b. 2 बार

c. 3 बार

d. 4 बार

3 बार

झारखंड में कुल तीन बार वर्ष 2009, 2010 और 2013 में राष्ट्रपति शासन लगाया गया है।

19. निम्मलिखित में से झारखंड के किस खिलाड़ी का संबंध फुटबॉल से नहीं है?

a. दीपक मंडल

b. सुबोध कुमार

c. परिणीता तिर्की

d. मधुमिता कुमारी

## मधुमिता कुमारी

झारखण्ड के खिलाड़ी परिणीता तिर्की, सुबोध कुमार तथा दीपक मंडल प्रसिद्ध फुटबॉल खिलाड़ी हैं जबकि मधुमिता कुमारी तीरंदाजी की प्रसिद्ध खिलाड़ी हैं।

20. अजय नदी झारखंड के किन जिलों से होकर बहती है?

a. गोड्डा और पाकुड़

b. गुमला और सिमडेगा

c. देवघर और जामतारा

d. चतरा और हजारीबाग

## देवघर और जामतारा

अजय नदी का उदगम बिहार राज्य के मुंगेर जिले से होता है जहाँ से प्रवाहित होती हुई यह झारखंड के देवघर ज़िले के उत्तरी-पश्चिमी भाग में प्रवेश करती है।

देवघर तथा जामतारा जिले से बहती हुई यह पश्चिम बंगाल में प्रवेश कर जाती है जहाँ यह हुगली नदी में मिल जाती है।

21. झारखंड निवासी मुकुंद नायक के बारे में निम्न में से कौन सा कथन सही है?

a. रांची के रहनेवाले मुकुंद नायक नागपुरी लोक नृत्य झुमइर का प्रतिपादक हैं।

b. उन्हें 2017 में भारत सरकार के द्वारा पद्म श्री सम्मान से सम्मानित किया गया।

c. उन्हें संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार 2017 प्रदान किया गया।

d. उपयुक्त सभी

उपयुक्त सभी

सही व्याख्या:

रांची के रहनेवाले मुकुंद नायक नागपुरी लोक नृत्य झुमइर का प्रतिपादक हैं।

उन्हें 2017 में भारत सरकार के द्वारा पद्म श्री सम्मान से सम्मानित किया गया।

उन्हें संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार 2017 प्रदान किया गया।

22. कोल्हुआ पहाड़ी पर मनाया जाने वाला प्रसिद्ध कोल्हुआ मेला झारखंड के किस जिले में लगता है?

a. गोड्डा

b. चतरा

c. गुमला

d. गिरिडीह

## चतरा

कोल्हुआ पहाड़ी पर मनाया जाने वाला प्रसिद्ध कोल्हुआ मेला चतरा जिले के हंटरगंज में वर्ष में दो बार माघ बसंत पंचमी और रामनवमी में मनाया जाता है।

पहाड़ी की चोटी पर स्थित विख्यात मंदिर कौलेश्वरी देवी (काली माता) को समर्पित है।

23. हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन HEC झारखंड के किस शहर में स्थापित है?

a. राँची

b. बोकारो

c. धनबाद

d. जमशेदपुर

रॉँची

हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन (HEC) का मुख्यालय रांची में स्थित है।

हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन (HEC) की स्थापना 31 दिसंबर 1958 को हुई थी तथा 15 नवंबर 1963 को इसकी शुरुआत की गई।

24. झारखंड के निम्नलिखित जिलों का उत्तर से दक्षिण की ओर सही क्रम क्या है?

a. लातेहार लोहरदग्गा गुमला सिमडेगा

b. लातेहार गुमला लोहरदग्गा सिमडेगा

c. लातेहार गुमला सिमडेगा लोहरदग्गा

d. गुमला लातेहार सिमडेगा लोहरदग्गा

लातेहार लोहरदग्गा गुमला सिमडेगा

सही क्रम:

लातेहार

लोहरदग्गा

गुमला

सिमडेगा

25. झारखंड के पहले मुस्लिम राज्यपाल निम्नलिखित में से कौन थे?

a. सैय्यद सिब्ते रजी

b. एम हसन फ़ारूक

c. सईद अहमद

d. इनमें से कोई नहीं

## सैय्यद सिब्ते रजी

सैय्यद सिब्ते रजी झारखंड राज्य के पहले मुस्लिम राज्यपाल थे जो दिसम्बर 2004 से जुलाई 2009 तक झारखंड के राज्यपाल के पद पर रहे।

26. 'एन इंट्रोडक्शन टू संताल लैंग्वेज' पुस्तक के लेखक कौन हैं?

a. रघुनाथ मुर्मू

b. डब्ल्यू जी आर्चर

c. आर आर के रपाज

d. रेवरेंड ज़े फिलिप्स

## रेवरेंड ज़े फिलिप्स

रेवरेंड ज़े फिलिप्स के द्वारा लिखित 'एन इंट्रोडक्शन टू संताल लैंग्वेज' सन् 1852 में प्रकाशित संताली भाषा साहित्य की पहली पुस्तक है।

27. ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ संघर्ष की चेतना फैलाने वाले आदिविद्रोही तिलका मांझी किस पेड़ के पत्ते पर अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष का संदेश फैलाते थे?

a. पीपल

b. खेजड़ी

c. शीशम

d. सखुआ

## सखुआ

तिलका मांझी ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ संघर्ष की चेतना फैलाने वाले 'आदिविद्रोही' थे जिन्होंने 1772 में जमीन व फसल पर परम्परागत अधिकार के लिए अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष छेड़ा।

उनके नेतृत्व में संघर्ष का संदेश गांव-गांव में सखुआ का पत्ता घुमाकर किया जाता था।

तिलका मांझी ने सुलतानगंज की पहाड़ियों से छापामार युद्ध का नेतृत्व किया था।

28. निम्नलिखित में से कौन सा बाँध दामोदर नदी पर स्थित नहीं है?

a. बर्मो बाँध

b. अय्यर बाँध

c. पंचेत बाँध

d. तिलैया बाँध

तिलैया बाँध

दामोदर घाटी निगम अधिनियम (1948) के फलस्वरूप 'दामोदर घाटी निगम' 7 जुलाई 1948 को स्वतंत्र भारत की पहली बहुउद्देशीय परियोजना के रूप में अस्तित्व में आया।

इस परियोजना का निर्माण अमेरिका की 'टेनेसी घाटी परियोजना' (Tennessee Valley Project) के तर्ज पर किया गया है जिसमें दामोदर नदी की जल-राशि का अधिकतम उपयोग को केंद्र में रखा गया है।

दामोदर घाटी परियोजना के अंतर्गत 8 बाँध और एक बड़ा बैराज़ बनाया गया जिनमें बराकार नदी पर मैथन बाँध, तिलैया बाँध तथा बालपहाड़ी बाँध दामोदर नदी पर पंचेत बाँध, अय्यर बाँध तथा बर्मो बाँध बोकारो नदी पर बोकारो बाँध एवं कोनार नदी पर कोनार बाँध तथा इसके अतिरिक्त दुर्गापुर के निकट एक बड़ा बैराज़ शामिल हैं।

29. निम्नलिखित में से झारखंड की कौन सी खान तांबे के उत्पादन के लिए प्रसिद्ध नहीं है?

a. राखा

b. घाटशिला

c. जादूगोड़ा

d. मोसाबानी

जादूगोड़ा

सिंहभूम के घाटशिला, राखा और मोसाबानी क्षेत्र में तांबे के मुख्य खादान स्थित हैं जबकि जादूगोड़ा खादान यूरेनियम के उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है।

30. सन 1940 ईस्वी से प्रकाशित होने वाली 'आदिवासी सकम' पत्रिका के संपादक कौन थे?

a. लाको बोदरा

b. सुशीला सामद

c. प्यारा केरकेट्टा

d. जयपाल सिंह मुंडा

## जयपाल सिंह मुंडा

'आदिवासी सकम' पत्रिका का प्रकाशन सन 1940 में जमशेदपुर से शुरू हुआ था जिसके संपादक जयपाल सिंह मुंडा थे।

इसमें रचनाएँ हिंदी, अंग्रेजी तथा मुंडारी भाषाओं में प्रकाशित की जाती थीं।

source

hindvanshieducation.com

हिन्दवंशी